Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to shift antique statue of Devi Rukmani from Archeologoical Museum at Vidisha to Damyanti Archeological Museum, Damoh district, Madhya Pradesh.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह): दमोह जिले का कुंडलपुर पुरातत्व की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान है, जहाँ शताब्दियों पुराना जैन मंदिर है साथ ही महाभारत कालीन अम्बा माता मंदिर एवं रूक्मणि मठ है। इससे अधिक महत्वपूर्ण थी रूक्मणि जी की मूर्ति जो वर्षों पहले चोरी हो गई थी, जिसे राजस्थान में बरामद किया गया था। जिसका मुकदमा दमोह जिले के हटा न्यायालय में चल रहा है। जब मूर्ति बरामद हुई तबसे मध्य प्रदेश सरकार ने इस मूर्ति को ए.एस.आई. के ग्यारसपुर जिले विदिशा के स्टोर में डाल रखा है। मैंने पत्र लिखे, अधिकारियों से संपर्क एवं चर्चा भी की कि यह मूर्ति दमोह में पुनः प्रतिष्ठित की जाए जब तक सुरक्षा सुनिश्चित न हो उसे ग्यारसपुर से दमोह के दमयंती पुरातत्व संग्रहालय में सम्मान से प्रतिष्ठित किया जाए।